दिनांक 4 फरवरी 2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वार्ड 31 मिलावट पारा में बनेगा 10 लाख की लागत से सतनाम भवन, महापौर देवेंद्र यादव ने मोहल्ले के समाजिक जनों से कराया भूमिपूजन

भिलाई नगर/ वार्ड 31 मिलावट पारा में मोहल्ले वासियों द्वारा सामाजिक भवन की मांग पर सतनाम भवन का भूमि पूजन आज महापौर देवेंद्र यादव ने मोहल्ले के सामाजिक जनों से कराया! कुछ समाज की महिलाओं ने कहा कि एक नया भवन दूसरी जगह पर बनवाना है। उनकी मांग के अनुसार एक और सामाजिक भवन दूसरी जगह पर बनाने की स्वीकृति दिला दिए है। उक्त बातें भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव ने कही। अवसर था जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 31 मिलावट पारा में भूमिपूजन कार्यक्रम का। मंगलवार की सुबह 9 बजे महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने समाज के प्रभुत्व जनों के हाथों से सतनाम भवन का दो मंजिला बनाने के लिए भूमिपूजन कराया। महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने जनता को सम्बोधित करते हुए बताया की 10 लाख की लागत से भवन निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा वार्ड में पानी की समस्या को दूर करने का प्रयास जारी है। यह समस्या भी वादे के मुताबिक जल्द ही समाप्त हो जाएगी। पानी टंकी का निर्माण हो गया है। जल्द ही टंकी से पानी सप्लाई शुरू की जाएगी। महापौर देवेंद्र यादव ने कहा कि हमने वादा किया था उसके मुताबिक सब का बिजली बिल आधा कर दिए है। सब का राशन कार्ड बन रहा है। नल कनेक्शन के लिए लगने वाली राशि घटाकर किस्तों में कर दिए हैं जिससे सभी को नल कनेक्शन लेने में आसानी हो। इस अवसर डी कामराजू , पार्षद संदीप हिरवानी , डी नागमणि,सदाब,नरसिंहनाथ, लोकेश साहू,कमल वर्मा, अरुण राय, रामाराव, ज्ञानेश्वर, प्रकाश पात्रों, जगत राय सहित जोन 4 के अधिकारी संजय बागड़े सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे!